हिंदी दिवस : आयोजन
निबन्ध लेखन प्रतियोगिता–रपट

लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कॉलेज, गोंडा में 14 सितंबर, 2021 को हिंदी दिवस मनाया गया, जिसके अन्तर्गत महाविद्यालय के हिंदी विभाग द्वारा निबन्ध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसका विषय था–राजभाषा हिन्दी : वर्तमान एवं भविष्य। निबन्ध लेखन प्रतियोगिता में 42 छात्र–छात्राओं ने प्रतिभाग किया।

विजया श्रीवास्तव बी0ए0 तृतीय वर्ष ने प्रथम, रागिनी शुक्ला, बी.ए. द्वितीय वर्ष ने द्वितीय और मालिनी वर्मा, बी.ए. तृतीय वर्ष ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। अजय सिंह और मनीषा गुप्ता को सांत्वना पुरस्कार के लिए चयनित किया गया। महाविद्यालय के कार्यवाहक प्राचार्य प्रो. वन्दना सारस्वत ने हिंदी विभाग एवं समस्त विद्यार्थियों को इस अवसर पर बधाई दी। हिंदी विभाग के अध्यक्ष प्रो. शैलेंद्र नाथ मिश्र ने निबन्ध लेखन की बारीकियों को समझाया। उन्होंने कहा कि निबन्ध लेखन भावों एवं विचारों की अभिव्यक्ति का सशक्त माध्यम है। इसके द्वारा विचारों का सम्प्रेषण सटीक और समर्थ ढंग से होता है। उन्होंने प्रतियोगिता के अन्त में राजभाषा हिंदी के वर्तमान एवं भविष्य पर मूल्यवान विचार व्यक्त किए।

प्राचार्य प्रो0 वन्दना सारस्वत ने सभी प्रतिभागियों के उज्ज्वल भविष्य के प्रति शुभकामना व्यक्त किया और हिन्दी दिवस पर बधाई दी।



Principal
Shri Lal Bahadur Shastri Degree College
Gonda

Principal
Shri Lal Bahadur Shastri Degree College
Gonda

SHRI LAL BAHADUR SHASTRI DEGREE COLLEGE GONDA
IQAC